family type biogas plants were set up against a cumulative target of about 11.61 lakb plants for the period 1985-93, under the National Project on Biogas Development. The shortfall in achievement by 26,930 family-type biogas .plants in 9 States and 4 Union Territories and by National Dairy Development Board, was more than made up by other States and agencies. Under the Community and Institutional Biogas Plants Programme also, a total of 917 plants were set up against a target of 830 plants during the period 1985-93.

(c) and (d) In para 7.1.11 on Research and Development on Biogas, CAG has noticed only four irregularities: three relatihg to procedural requirements and one regarding expenditure on the development of three new models. The steps proposed to be. taken in this regard are (i) getting draft final report of a research project within the last quarter of completion of the project (ii) keeping a reasonable amount of the sanctioned project cost for release on submission of final report; (iii) evaluating final report internally in the Ministry or by referring to two or three experts, or both.

उत्तर प्रदेश में धुआं रहित बायो-गैस चूल्हे

474. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी :** क्या ग्रधात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के ग्रमीण क्षेत्रों में धुंग्रारहित बायोगैस चूल्हा संयंत्र लगाये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान राज्य के और ग्रधिक जिलों में बायोगैस तथा धुग्रांरहित चूल्हा संयंत्र लगाने का विचार रखती है ; ग्रौर

(घ) सरकार ने उक्त ग्रवधि में इस प्रयोजनार्थ राज्य के लिये कितनी धनराशि ग्रावंटित की है ?

गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत राज्य मंत्री (श्री एम० कृष्ण कुमार) : (क) ग्रौर (ख) जी हां। राष्ट्रीय बायोगैस विकास परियोजना ग्रौर राष्ट्रीय उन्नत चूल्हा कार्यक्रम के तहत वर्ष 1993-94 तक उत्तर प्रदेश राज्य में क्रमशः कुल 2.43 लाख से ग्रधिक परिवार ग्राकार के बायोगैस संयंत्र ग्रौर 21.58 लाख धुंग्रारहित चूल्हे स्थापित किए गए हैं ।

(ग) जी हां। वर्ष 1994-95 के दौरान राष्ट्रीय बायोगैस विकास परियोजना ग्रौर राष्ट्रीय उन्नत चूल्हा कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में कार्यान्वित किए जा रहे हैं ग्रौर इनके वर्ष 1995-96 में भी जारी रहने की संभावना है ।

(घ) बायोगैस ग्रौर उन्नत चूल्हा कार्यक्रमों के तहत ग्रलग-ग्रलग वित्तीय ग्रावंटन नहीं किए जाते हैं । परन्तु राशियां, वस्तुपरक लक्ष्य, जो कि वार्षिक ग्राधार पर निर्धारित किए जाते हैं, वर्ष के दौरान प्राप्त की गई प्रगति ग्रौर ग्रन्य ग्रनुमोदित मानदंडों के ग्राधार पर ग्रग्रिम रूप से जारी की जाती हैं । वर्ष 1994-95 के लिए उत्तर प्रदेश राज्य को 10,000 बायोगैस संयंत्रों ग्रौर 3.30 लाख उन्नत चूल्हों की स्थापना का लक्ष्य ग्रावंटित किया गया है ग्रौर तदनुसार राशियां जारी की जाएंगी ।

उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन की क्षमता

475. **मौलाना ग्रबैदुल्ला खान ग्राजमी :** क्या ग्रधात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन की क्षमता बढ़ाने का विचार रखती है ;